हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 66 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 18 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## परिवहन चेकपोस्ट समाप्त, वसूली जारी

### ट्रक चालक से रुपए लेते होमगार्ड सैनिक का वीडियो वायरल, सैनिक निलंबित

**नीमच, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नयागांव बॉर्डर का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक ट्रक राजस्थान की ओर से मध्य प्रदेश में जैसे ही प्रवेश करता है। नयागांव बॉर्डर से ही एक होमगार्ड सैनिक बाइक लेकर ट्रक का पीछा करता है। थोड़ी दूरी पर वह ट्रक के आगे बाइक लगा देता है। ट्रक रुकते ही सैनिक उससे एंट्री के नाम पर पैसे मांगता है। बताया जाता है ट्रक चालक से सैनिक ने 400 रुपए लिए और रवाना हो गया। होमगार्ड सैनिक का नाम भंवर सिंह बताया गया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो ट्रक में मौजूद चालक के साथी ने अपने मोबाइल से बना लिया। मामले में पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल ने कहा कि वीडियो में होमगार्ड सैनिक ट्रक वाले से राशि लेता दिखाई दिया है। होमगार्ड सैनिक को निलंबित कर दिया गया है।



### मामला शहरभर में विचरण कर रहे पशुओं का...

## कलेक्टर के निर्देशों को मजाक समझते नपाधिकारी..!

### पशुओं के लिए जगह तक नहीं ढूंढ पाए, पुण्य की चाह में लोगों की राह खराब कर रहे लोग

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बेसमेंट, बिना मुंडेर के कुएं, जर्जर मकान, आवारा पशु, अतिक्रमण जैसे कई मुद्दों पर कई कलेक्टर सख्ती से नपाधिकारियों को बैठकों में निर्देशित कर चुके हैं। लेकिन, कलेक्टर के निर्देशों को नपाधिकारी मजाक ही समझते आए है। यहां मामला शहर की यातायात व्यवस्था और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे मवेशियों का है। पूर्व कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने स्पेशल बैठक आयोजित कर नगरपलिका को निर्देशित किया था कि पशुओं ओर जानवरों को नपा द्वारा चिन्हित स्थान पर ही खाद्य सामग्री दी जाए। हर कहीं खाद्य सामग्री डालने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। लेकिन, अधिकारियों ने इस स्पेशल बैठक के निर्देशों को अपने कार्यालय जाकर रद्दी की टोकरी में डाल दिया। इधर कई समझदार लोग पुण्य कमाने और स्वर्ग की राह तलाशने में इस हद तक लापरवाह हो रहे हैं कि घूम घूमकर शहर की व्यस्ततम मार्गो के बीच सड़क पर चारा या अन्य खाद्य सामग्री डालने से नहीं चूक रहे। परिणाम यह हो रहा है कि दिनभर पशु मुख्य मार्गो पर विचरण करते हैं और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इधर नगरपालिका हर कहीं चारा बेचने और डालने वालों पर कार्रवाई नहीं कर पा रही है। महाराणा प्रताप चौराहा हो या नयापुरा रोड। यहां तो मुख्य मार्ग पर खुद चारा बेचने वाले मवेशियों के लिए चारे का ढेर लगा रहे हैं। जिससे आवागमन दिनभर बाधित रहता है।

### तीस लाख का कांजी हाउस, समस्या जस की तस...

शहर को मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने पांच साल पहले 30 लाख रुपये खर्च कर अलावदाखेड़ी मार्ग पर कांजी हाउस तैयार किया था। फिलहाल 125 मवेशियों की क्षमता वाला कांजी हाउस पूरी तरह उपयोग नहीं किया जा रहा। इसके लिए दो लाख रुपये का बजट भी रखा गया है। मवेशियों के लिए चारे और पानी के लिए खर्च किया जा रहा है। इसके अलावा यहां दो चौकीदारों की नियुक्ति भी की गई है। साथ ही एक राजस्व निरीक्षक को इसकी जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह बात अलग है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण 30 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी शहर की सड़को पर आवारा पशु विचरण कर रहे हैं।

### हादसे को आमंत्रण...

आवारा पशुओं के कारण हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है। सड़क के बीच में घूमने के कारण यह आए दिन दुपहिया वाहनों से टकराते रहते हैं। जिसके कारण लोग गिरकर घायल हो जाते हैं।

### यहां बैठते हैं आवारा पशु...

सदर बाजार, किला रोड, जीवागंज, जनकूपुरा, नयापुरा रोड़, अस्पताल चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, भारतमाता चौराहा आदि जगहों पर रास्तों के बीच आवारा पशुओं को बैठे या विचरण करते देखा जा सकता है।

### कई बार बनती जाम की स्थिति...

शहर में प्रतापगढ़ पुलिया, सदर बाजार, किला रोड, जीवागंज, नयापुरा रोड़ आदि क्षेत्रों में सड़के बहुत ही संकरी हैं। पशुओं के कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कभी-कभी तो लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।

### खुले में छोड़ देते हैं पशु...

जानकारी के अनुसार जब तक गाय भैंस दूध देती है, पशुपालक उसका दूध निकालते हैं और उसके बाद इन्हें खुला छोड़ देते हैं। इसके बाद जब वह फिर से दूध देने की स्थिति में आती है तो उसे फिर से पकड़ लेते हैं। कुछ लोग तो सुबह शाम दूध निकालने के बाद जानवरों को खुला छोड़ देते हैं।


### नाला निर्माण में धांधली के आरोप...

## शिकायतों की माला पहन लौटते हुए कलेक्टोरेट पहुंचा फरियादी

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ के ज्ञानेश प्रजापति लौट लगाते हुए अपनी समस्या सुनाने कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय में मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों ने भी उन्हें नहीं उठाया। वे शिकायतो की माला पहन लौट लगाते हुए जनसुनवाई कक्ष तक पहुंचे। इस दौरान वह मल्हारगढ़ नगर परिषद सीएमओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाता रहा।

मल्हारगढ़ के वार्ड 6 के निवासी ज्ञानेश प्रजापति मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय में गेट से लौट लगाते हुए जनसुनवाई कक्ष तक पहुंचे। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी भी देखते रहे। श्री प्रजापति का कहना है कि नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार के सबूत देने के बाद भी अधिकारियों ने अनसुना कर दिया था। इसके बाद उसने सिस्टम को जगाने के लिए ऐसा किया है। इस दौरान युवक ने कई और भ्रष्ट्रचार के आरोप लगाए। मामले में एडीएम एकता जायसवाल ने कहा कि युवक पहली बार शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट आया है। 15 दिनों के अंदर शिकायत की जांच होगी।

आरोप है कि नगर परिषद के इंजीनियर भी भ्रष्टाचार में शामिल है, जिन्होंने जांच के नाम पर गलत रिपोर्ट बना दी। ठेकेदार और इंजीनियर का कहना है कि कमीशन नगर पंचायत से लेकर जिला अधिकारियों तक बंटता है। कमीशन के चक्कर में इन निर्माण कार्य की विधिवत जांच नहीं हो रही। आवेदन में लिखा गया है कि शहरी



विकास अभिकरण के जिला परियोजना अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। कलेक्टर ने 20 अगस्त 2024 को नाला निर्माण के संबंध में सीएमओ और इंजीनियर को रिकॉर्ड लेकर बुलाया था, लेकिन उसके बाद आगे की कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। फरियादी का कहना है कि अगर टेस्ट रिपोर्ट सही है, तो नाला जगह-जगह से टूटने व तड़कने क्यों लगा है? बिल में सरिया 12 एमएम का पास किया गया है। पूरे मामले की जांच होना चाहिए।

### वल्लभ भवन के आगे लौट लगाएगा युवक...

युवक ने कहा है कि अगर अब भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच नहीं की गई, तो वो राजधानी भोपाल के वल्लभ भवन के आगे लोट लगाएगा।

### आवेदन देकर जांच की मांग...

✻ ज्ञानेश प्रजापति ने कलेक्टर के नाम आवेदन भी दिया है। इसमें नगर परिषद मल्हारगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों मे हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई। ✻ शिकायत में कहा गया कि वार्ड 12 में नाला निर्माण में भ्रष्टाचार, वार्ड क्र 4 कायाकल्प योजना का सीसी निर्माण में भ्रष्टाचार, वार्ड 5 आंबेडकर मांगलिक भवन के उप्रर डोम निर्माण की जांच की जाए। ✻ नगर परिषद मल्हारगढ़ में वार्ड 12 नाला निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें 8 एमएम का सरिया लगाया गया है। घटिया निर्माण के कारण जगह-जगह से नाला टूटने लगा है। ✻ आगे जाकर नाला एक छोटी सी नाली में तब्दील कर दिया गया। इस नाले के अंदर छोटी-छोटी नालियां बनाई गई। नाले का नीचे का फर्श पूरी तरह तड़क गया है। इसमें हो रही बड़ी बड़ी दरारें घटिया निर्माण की कहानी बयां कर रही है।

## वेशभूषा के लिए अभिभावकों से लेना होगी अनुमति

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कलेक्टरों को दिए निर्देश

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। स्कूलों में होने वाले वार्षिकोत्सव या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहने जानी वाली वेशभूषा के लिए अब अविभावकों से लिखित अनुमति लेना होगी। अन्यथा शिकायत या अप्रिय घटना होने पर प्राचार्य जिम्मेदार होंगे। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पाण्डेय ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और समस्त कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है।**

### यह लिखा पत्र में...

आयोजनों के अवसर पर कार्यकम में सहभागिता करने एवं विविध, वेशभूषा एवं अन्य कोई पात्र बनाने हेतु अभिभावको की अनुमति/सहमति के संबंध में लेख है कि विविध आयोजनों के अवसर पर विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले चयनित बालक बालिकाओं को विविध वेशभूषा एवं अन्य कोई पात्र बनाये जाने के लिए विद्यालय/संस्था द्वारा बालक बालिकाओं के अभिभावकों से लिखित अनुमति प्राप्त कर ही बनाया जाए।किसी भी स्थिति में बिना अभिभाव को की लिखित अनुमति के किसी भी बालक-बालिकाओं को उक्त कार्यक्रम में सहभागिता न कराई जाये, जिससे कि किसी भी पकार अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। इस संबंध में यदि किसी प्रकार की शिकायत या विवाद संज्ञान आता है तो विद्यालय/संस्था के विरुद्ध सुसंगत अधिनियमों के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अनुशंसित किये जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व विद्यालय/संस्था का होगा।



**शिवना आरती**–नदी जोड़ो अभियान के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा भगवान पशुपतिनाथ महादेव के समीप शिवना घाट पर मां शिवना की आरती कर पूजा-अर्चना की गई।

## मारपीट, ससुर व जमाई सहित 5 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया। जीरन निवासी प्रेमसुख पिता छगनलाल अहिरवार ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं अपने साडू हेमन्त पिता कन्हैयालाल अहिरवार (चांगली) के साथ पत्नी टीना को फतेहपुर (नारायणगढ़) गया था। जहां ससुर गोपाल पिता खमेराज अहिरवार व दोनों साले पंकज व संजय ने मिलकर गाली-गलौज की व लकड़ी से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने मारपीट करने वाले ससुर व सालों पर केस दर्ज किया। इसी तरह टीना पति प्रेमसुख अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई पति प्रेमसुख शादी के बाद से ही शराब पीकर आए दिन छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता है। इस कारण मैं अपने पिता के यहां फतेहपुर रह रही थी। इसी दौरान पति प्रेमसुख व उसके साथ चांगली निवासी हेमन्त अहिरवार आया। दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे हाथ, पेट पर चोंटे आई।

## करोड़ों रुपए का ऑइल चोरी, विधायक के प्रश्न पर हुआ खुलासा


**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। जिले में ट्रांसफार्मर से ऑइल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इस मामले की गंभीरता इसी बात से लगाई जा सकती है कि अगर शिकायतों पर गौर करें तो तीन साल में ऑइल चोरी का आंकड़ा ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा का है। विधायक विपीन जैन के प्रश्न पर विधानसभा में इसका खुलासा हुआ।**



विधानसभा सत्र के दौरान मंदसौर विधानसभा के विधायक विपिन जैन द्वारा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मरो से ऑइल चोरी की घटनाओं को लेकर जानकारी चाही। पता चला कि पिछले तीन वर्षों में अकेले मदसौर विधानसभा क्षेत्र के किसानों और विभागों के अन्य विद्युत वितरण ट्रांसफार्मरो से ऑइल चोरी की कुल 3 हजार167 सूचनाए, शिकायते प्राप्त हुई है और मात्र दो प्रकरणों मे ही पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है और वह भी अज्ञात बदमाश पर। विधायक श्री जैन द्वारा बजट सत्र के दौरान प्रश्न क्रमांक 1164 के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत यह जानकारी मांगी गई थी। आए दिन किसानो और जनता से यह सूचना प्राप्त होती रहती हैं कि उनके ट्रांसफार्मर से ऑइल चोरी हो गया है। जिसके कारण तीन-तीन, चार-चार दिनों से विद्युत सप्लाई बंद रहती है, जिसके कारण किसानों की फैसले भी चौपट रहती है और आम जनता भी विद्युत सप्लाई के कारण प्रभावित होती है।

बता दे कि किसानो के निजी ट्रांसफार्मरो में ऑइल चोरी होने से उन्हें स्वयं डीपियो में ऑइल भरवाना पड़ता है और विभागीय और अनुदान प्राप्त ट्रांसफार्मर में विभाग ट्रांसफार्मरो में ऑइल की पूर्ति करता है। ऑइल चोरी हो जाने से ट्रांसफार्मरो के जलने का भी शत प्रतिशत चांस रहता है, जिससे विभाग को दोहरी मार झेलना पड़ती है। अगर कीमत की बात करें तो 1 लीटर ऑइल की कीमत 90 रु लीटर के लगभग होती है, वही 25 किलोवाट के ट्रांसफार्मर में अनुमानित 90 लीटर ऑइल लगता है। मतलब आंकड़ा तीन साल में ढाई करोड़ से ज्यादा है।

सबसे आश्चर्य की बात यह है ना तो विभाग और ना हीं पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है। जिसके कारण दोनों ही विभागों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पूरे जिले और पूरे प्रदेश की यदि बात करें तो वर्ष भर में करोड़ो रुपए की बर्बादी सिर्फ ऑइल चोरी होने के कारण ही हो रही है। ऑइल चोर इस ऑइल को चोरी करने के बाद कहां बेच रहे हैं, कहां ले जा रहे हैं। इसकी जानकारी ना तो विभाग के पास है ना पुलिस प्रशासन के पास मंदसौर विधायक विपिन जैन द्वारा मांग की गई है कि शीघ्र ही विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त पहल कर किसानो की इस समस्या का स्थाई समाधान करें। ताकि किसानों के साथ-साथ शासन पर भी इसका आर्थिक बोझ ना पड़े।




### भोपाल में 1800 करोड़ से ज्यादा मादक पदार्थ बरामदगी का मामला...

## पुलिस और जांच एजेंसियों को छका रहे बदमाश, नहीं मिल पा रहा मास्टर माईंड शोएब लाला

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। बीती 07 अक्टूबर को भोपाल एमडी ड्रग्स कांड मामले में केंद्रीय एजेंसियां एटीएस गुजरात व एनसीबी टीम मंदसौर आ चुकी है। हालांकि इतने बड़े आपराधिक मामले का मास्टर माइंड पुलिस और जांच एजेंसियो की पहुंच से अब भी दूर हैं। दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी शोएब लाला, रबनवाज और ओम पाटीदार की ड्रग्स कांड में तलाश अधूरी है।**



दरअसल मंदसौर जिले की सीमा नजदीकी राजस्थान के प्रतापगढ़और झालावाड़ जिलों से लगती है। ऐसे में वारदात के बाद अपराधियों को पकड़ना चुनौती रहता है। मामले में एडिशनल एसपी का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में टीमें लगी हुई हैं। राजस्थान पुलिस का भी सपोर्ट ले रहे हैं।

बता दें कि माल्या खेरखेड़ा निवासी हरीश उर्फ हरिसिंह आंजना को एटीएस व मंदसौर पुलिस ने उसके घर से उठाया था। उसके बाद नाम आने पर प्रेमसुख पाटीदार ने अफजलपुर थाने में खुद की जांघ पर गोली मार सरेंडर कर दिया। इस मामले में पुलिस को ड्रग्स का जाल फैलाने वाले राजस्थान के शोएब लाला व रबनवाज के अलावा मंदसौर के ओम पाटीदार की तलाश है। टीमें कई मौकों पर आरोपियों के गांव भी जा चुकी हैं। लेकिन सफलता नहीं मिली।

## प्रियंका का सदन में पहला उद्बोधन विषय पर पकड़ और शालीन प्रस्तुति सभी को प्रभावित कर गई...

**मंदसौर/उज्जैन, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वायनाड से उपचुनाव जीतकर संसद में पहुंची प्रियंका वाड्रा ने सदन में पहला अवसर मिलने पर जितना कुछ कहा, लगा जैसे अनुभवी वरिष्ठ सांसद हो। जिन बिंदुओं पर सिलसिलेवार बोला अच्छी तैयारी के साथ शालीनता से बोला। प्रियंका को उनके अपने दल के साथ सत्ता पक्ष ने भी लगभग बेरोकटोक सुना। जबकि, अन्य विपक्षियों को बोलने पर सत्ता पक्ष के सांसदों की रोक-टोक और हल्ला गुल्ला होना आम दृश्य रहता है। सालों बाद कांग्रेस में कोई प्रभावित करने वाली वक्ता सांसद बनी है। विद्वान तो संसद में अनेक हैं, पर किसी विषय को लेकर सदन से लेकर आम जनमानस को प्रभावित करने वाले वक्ता कम ही होते हैं। ऐसे वक्ताओं में राजग के प्रोफेसर मनोज झा, आप पार्टी के संजय सिंह, सपा के अखिलेश यादव, तृण मूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, अभिषेक बनर्जी शामिल है।



चन्द्रमोहन भगत

कांग्रेस की पूर्व सरकारों के समय जब भाजपाई विपक्ष में रहते थे, तब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज, शाहनवाज हुसैन, अरुण जेटली बेहतरीन वक्ताओं में गिने जाते थे। वैसे तो सभी सांसद बोलने के लिए ही संसद में जाते हैं पर जो विद्वजनों से लेकर आम जन तक को प्रभावित करते हैं, उन्हें जन समर्थन के साथ सम्मान भी मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के पहले भाषण ने भी जनमत को प्रभावित किया था, देश की व्यवस्था के बारे में सोचने को मजबूर कर दिया था। जबकि, तत्समय रेडियो और ब्लैक एंड व्हाइट टीवी का युग था। पर चर्चा आज भी होती है, याद भी किया जाता है। वर्तमान एआई तकनीक का युग है, अब किसी भी वक्ता के दिए गए हवाले को तत्काल जांचा जा सकता है कि वक्ता सच कह रहा है या झूठ। इसी कारण संसद से लेकर पंचायत कार्यालय में जो कुछ कहा सुना और प्रक्रिया में किया जाता है, जांचा परखा जा सकता है। कुल मिलाकर संसद के विद्वान सदस्यों के भाषणों में भी सरकार और संसद सदस्यों में विषय के साथ तकनीकी मुद्दों को लेकर अच्छे और बहुत अच्छे होने के लिए अंक दिए जाते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र से लेकर संसद तक वही सांसद प्रतिष्ठा और सम्मान पाते हैं जो अपनी बात को, जनता के मुद्दों को, उत्तम भाषा और शालीनता से प्रस्तुत करते हैं। सिर्फ प्रियंका गांधी ही सदन के पहले उद्बोधन में प्रशंसा पाने वाली पहली सांसद नहीं है। 2019 की संसद में महुआ मोइत्रा भी ऐसे ही अपने पहले भाषण के कारण देशभर में लोकप्रियता पा गई थी। लोकसभा में 1963 का उप चुनाव जीतकर आए संशोपा नेता मधु लिमए के भाषण आज भी लोकसभा संग्रहालय में सहेजे हुए है, जो नए सांसदों के लिए प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद हैं। नेहरू सरकार की संसद में खुलकर बोलने वाले लिमए का नारा था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावे सौ में साठ।'

वर्तमान सांसद नए युग की नई समस्याओं, व्यवस्थाओं के लिए अपने अंदाज में मांग उठाते हैं। शिकायत दर्ज कराते हैं। संसदीय इतिहास में भी वहीं सांसद स्थान पाते हैं, जिनके सवालों से सरकार के माथे पर चिंताएं नजर आती है तो जनमत की नजर में प्रशंसा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की अनूठी कोशिश या सस्ती लोकप्रियता..?

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की मल्हारगढ़ नगर परिषद में भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे ज्ञानेश प्रजापति जागरूक नागरिक द्वारा आवेदन की रेल बनाकर लौटना चर्चा का विषय बन गया है। इस घटना ने भ्रष्टाचार की गंभीरता और जनसुनवाई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए यह भी संकेत दिया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ज्ञानेश प्रजापति का कहना हैं कि उसके द्वारा कई बार संबंधित विभागों में शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर यह कदम उठाने को मजबूर हुआ।



नेमीचंद राठौर

बात सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की हो तो यह केवल वित्तीय हानि तक सीमित नहीं रहता बल्कि समाज के विकास और जनकल्याण पर भी गंभीर असर डालता है। इस प्रकरण में ज्ञानेश प्रजापति द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ जनसुनवाई में आवेदन देना उनके अधिकार का प्रयोग है और यह एक साहसिक कदम माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि आवेदन की 'रेल' बनाकर लौटने जैसे तरीके का क्या यह संदेश देने के लिए उपयोग उचित था या यह सस्ती लोकप्रियता का माध्यम मात्र है?

**जनसुनवाई प्रक्रिया का उद्देश्य**–जनसुनवाई एक ऐसा मंच है जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेना और उनका समयबद्ध निवारण करना है। इसमें ढिलाई बरतना न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है बल्कि जनता का विश्वास भी कमजोर करता है। इस मामले में अधिकारी द्वारा शिकायत पर 15 दिवस के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। हालांकि, ऐसे आश्वासन केवल औपचारिकता न बन जाएं, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**मीडिया की भूमिका और चुनौतियां**–यह घटना एक और पहलू को उजागर करती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को आज भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मीडिया का सहारा लेना और शिकायत को रचनात्मक तरीकों से उठाना कई बार प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करने का कारगर तरीका साबित होता है। ऐसे में, मीडिया की भूमिका भी अहम हो जाती है, क्योंकि वह न केवल भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को सामने लाता है, बल्कि प्रशासन पर कार्रवाई के लिए दबाव भी बनाता है। हालांकि, कुछ लोग इस प्रकार की घटनाओं को 'मीडिया अटेंशन' का साधन बना सकते हैं। लेकिन इसके चलते वास्तविक शिकायतकर्ता की नीयत पर सवाल उठाना उचित नहीं है। प्रशासन का दायित्व है कि हर शिकायत को गंभीरता से जांचे और न्यायसंगत कार्रवाई करे ताकि वास्तविक मुद्दे हल हों और भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

**भ्रष्टाचार के असर और प्रशासन की भूमिका**–नगर परिषद के संदर्भ में यदि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार हो रहा है, तो यह सीधे तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग और विकास कार्यों में बाधा है। भ्रष्टाचार से न केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि समाज में असमानता और अविश्वास भी बढ़ता है। कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जनता का विश्वास बहाल हो।

**समाधान की दिशा में कदम**–जनसुनवाई को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए शिकायतों की समयबद्ध जांच और निष्पक्ष निवारण सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज का सम्मान होना चाहिए ताकि लोग बिना डर अपनी समस्याएं रख सकें। यह घटना एक ओर जागरूकता और प्रशासनिक जवाबदेही की ओर इशारा करती है तो दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करती है कि कहीं यह जनसुनवाई प्रक्रिया को लोकप्रियता का मंच तो नहीं बना रही? इसके बावजूद, प्रशासन का कर्तव्य है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी हर शिकायत को गंभीरता से लेकर सही समाधान निकाले ताकि समाज में पारदर्शिता और न्याय व्यवस्था कायम रह सके।






# प्रधानमंत्री ने जयपुर से पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना का त्रि-स्तरीय अनुबंध संपादन किया

**✻ पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना अंतर्गत 2933 करोड़ से निर्मित होगी शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना, ✻ किसान सम्मेलन में प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देखा और सुना गया, ✻ सिंचाई परियोजना के निर्माण से अब मंदसौर जिले के शत-प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई होगी, ✻ राम जल सेतु कलश यात्रा का आयोजन किया**

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पार्वती कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना का त्रि स्तरीय अनुबंध संपादन कार्यक्रम जयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया। जयपुर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना का त्रि स्तरीय अनुबंध संपादन किया। जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में आयोजित किया गया। ऑडिटोरियम में किसानों ने प्रधानमंत्री के लाइव प्रोग्राम को देखा और सुना। उक्त कार्यक्रम का मल्हारगढ़ एवं मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के लाभान्वित ग्राम पंचायत में लाइव प्रसारण किया गया। नदी जोडो परियोजना अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग एवं जल संसाधन विभाग ने पुलिस लाइन मंदसौर से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम तक राम जल सेतु कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया। कलश यात्रा में महिलाएं कलश के साथ शामिल हुई। कलश यात्रा के पश्चात सभी महिलाओं ने कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम स्थित किसान सम्मेलन में भाग लिया तथा प्रधानमंत्री के लाइव उद्बोधन को देखा और सुना। सिंचाई परियोजना के निर्माण हो जाने से अब मंदसौर जिला शत प्रतिशत सिंचित होगा। मंदसौर जिले में कुछ भाग सिंचाई के लिए छूटा हुआ था, जो की शिवना बैराज परियोजना के निर्माण हो जाने से अब शत प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई होगी।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, श्री निहालचंद मालवीय, श्री शिवराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, कार्यपालन यंत्री श्री विजेंद्र डोडवे, श्रीमती अनीता धाकड, अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जेके जैन द्वारा किया गया एवं आभार श्रीमती अनीता धाकड द्वारा माना गया। पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत मंदसौर जिले के लिए 2 हजार 933 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना का निर्माण किया जाएगा। शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना से मंदसौर जिले के 147 गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 32 गांव एवं मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के 115 गांव लाभान्वित होंगे। इससे 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। उक्त परियोजना को शिवाना बैराज से पानी मिलेगा। इसमें 2 लाख 28 हजार 250 मीटर की मुख्य पाइप लाइन का निर्माण किया जाएगा। इससे मंदसौर जिले के 79 हजार 982 हितग्राही को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि गांव के लिए सिंचाई योजनाओं से बढ़कर और कोई कार्य नहीं हो सकता। लंबे समय से इस योजना पर कार्य चल रहा था और इस योजना की सिंचाई के क्षेत्र में महती आवश्यकता थी। नदी से नदी को जोड़ने का संकल्प सरकार ने लिया है। और यह कार्य लगातार चल रहा है। शिवना पर स्टॉप डेम निर्मित होगा। वहां से पानी लिफ्ट होगा और किसानों के खेत तक पहुंचेगा। अब शिवना के बहते पानी का उपयोग किसान कर सकेंगे।



## नपाध्यक्ष ने पुन: नपा कार्यालय का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल मंगलवार को आकस्मिक रूप से न.पा. की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया उन्होंने नपा प्रभारी कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ प्रात: 11 बजे कार्यालय का निरीक्षण किया और सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में आने की हिदायत दी और कहा कि यदि कार्यालय पर समय पर उपस्थित नहीं रहेंगे तो सूचना पत्र नोटिस जारी करने व वेतन में कटौती जैसी कार्यवाही होगी, इसलिये सभी कर्मचारीगण समय पर कार्यालय आए और अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे और आम जनता के कार्य करें।

## बेडमिंटन टूर्नामेन्ट सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वीर भगतसिंह व्हालीबॉल क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेन्ट का आयोजन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला विनय नेकाड़ी/ यश जैन और तेजपालसिंह सिसोदिया/ अक्षय कौशिक के बीच हुआ। जिसमें तेजपालसिंह टीम विजय रही। उपविजेता विनय नेकाड़ी की टीम रही। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी कनेरिया परिवार की तरफ से दी गई। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, पार्षद ललित कसेरा रहे। आभार लखन शर्मा ने माना।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ गोष्ठी सम्पन्न



**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर मंदसौर में शिशु वाटिका की कक्षा अरुण से प्रभात तक की मातृगोष्ठी संपन्न हुई ।मातृगोष्ठी में जिन महानुभाव का सानिध्य प्राप्त हुआ है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान संतोष कुमार विश्वकर्मा (शिशु वाटिका के सह प्रांत संयोजक), विशिष्ट अतिथि श्री राघवेंद्र जी देराश्री (विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग समन्वयक) श्रीमती पायल कियावत (समिति सदस्य, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह समिति) श्रीमती सोनल मिंडा (शिशु वाटिका प्रमुख, केशव नगर मंदसौर) श्रीमान संतोष जी यादव प्राचार्य केशव नगर मंदसौर) श्री राजपाल जी यादव (प्रधानाचार्य केशव नगर मंदसौर) उपस्थित रहे कार्यक्रम में 200 माता ने सहभागिता करी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पपेट शो जो शिशु वाटिका की दीदीयों द्वारा किया गया, जिसमें माता व भैया बहिनों को खूब आनंद आया । माताओं के लिए गतिविधि का आयोजन किया गया । इसमें माता को डिस्पोजल से 30 सेकंड के अंदर पिरामिड बनाना था और एक गतिविधि में माता को रंगीन आटे से आकृतियां बनानी थी सभी माताओं ने उत्साह से भाग लिया ।

### पुष्पांजलि/उठावना

मेरे अनुज, राहुल शर्मा (राजा) के काकाजी व ईशान के दादाजी श्री बी.के. शर्मा (बीके साहब एमपीईबी) का दु:खद निधन 16 दिसम्बर को हो गया है, जिनकी पुष्पांजलि/उठावना आज 18 दिसम्बर, बुधवार को प्रात: 10.30 बजे निज निवास राज मन्दिर म.नं. 25/2 रामटेकरी मंदसौर पर रखा गया है।




✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
मोहनलाल शर्मा
(रिटायर्ड जिला पंजीयक अधिकारी)

# समस्त शास्त्रों का सार गागर में सागर है गीता-संतश्री अमृतरामजी

**52वां गीता जयंती महोत्सव, 49 वां नेत्र शिविर का शुभारंभ**





**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। 17 दिसम्बर को धर्मधाम गीता भवन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी रामनिवासजी के मार्गदर्शन में संतों के सानिध्य में 52वां गीता जयंती महोत्सव और 49वें नेत्र शिविर का शुभारंभ हुआ। युवा संत हरसुखरामजी महाराज ताल, रामजीराम महाराज गौशाला मचलाना, धीरजरामजी महाराज पुष्कर, अमृतरामजी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ।**

संतों का सम्मान नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, डॉ. घनश्याम बटवाल, धर्मधाम गीता भवन उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सचिव पं. अशोक त्रिपाठी, न्यासी बंशीलाल टांक, सत्यनारायण पलोड़, शेषनारायण माली, सूरजमल गर्ग चाचाजी, राव विजयसिंह, प्रेमचंद सिसौदिया, प्रेम रत्नावत, ओम चौधरी, राजाराम तंवर, रमेशचन्द्र चन्द्रे, कैलाश मारोठिया, जगदीश काबरा, सोहनलाल कोठारी, डॉ. दिनेश तिवारी, सुभाष अग्रवाल, कन्हैयालाल सोनगरा, इंजि. बालूसिंह सिसादिया, सत्यनारायण शर्मा, लाड़कुंवर दीदी, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय, चन्द्रकांता मारोठिया, पुष्पा पाटीदार, अनू पाटीदार, मीना पाटीदार, उषा चौधरी, पुष्पा गौड़, दाखाबाई, निर्मला माली, अनुपमा बैरागी, कैलाश मारोठिया आदि ने किया। संत श्री अमृतरामजी महाराज ने भगवान कृष्ण की गीता को समस्त शास्त्रों का सार- गागर में सागर बताते हुए कहा कि गीता एक ऐसा वैश्विक ग्रंथ जिसमें धर्मों का समावेश है। गीता अकर्मण्यता नहीं कर्म में प्रवृत्त होना सिखाती है। धीरजरामजी महाराज पुष्कर और हरसुखरामजी महाराज ताल के गीता ज्ञान पर प्रवचन हुए। गीता तन की सुन्दरता वस्त्र भूषण से नहीं मन की पवित्रता से होना बताती है। स्वामीजी ने गीता भवन की स्थापना में ब्रह्मलीन अनुरागी बापू के सहयोग का स्मरण किया। नेत्र शिविर में 45 रोगियों का परीक्षण हुआ। 15 को जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन होगा।

## पवन धनगर का राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 43 वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल बालक/बालिका प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024 पश्चिम बंगाल में आयोजित की जाएगी , इस प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिला शूटिंग बॉल संघ मंदसौर के खिलाड़ी पवन धनगर का 19 वर्ष की बालक टीम में चयन हुआ है पवन मध्य प्रदेश जूनियर बालक शूटिंग बॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। उसके चयन होने पर मंदसौर के शूटिंग बॉल पदाधिकारियों श्री शांतिलाल मालवीय, श्री रघुनाथ सिंह अफजलपूर, श्री गजराज सिंह निपानिया, श्री पुष्कर शर्मा लसूडावन, जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारीश्री राजू कुमार और सभी पदाधिकारियों खिलाड़ियों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव श्रीमोहित शर्मा ने दी।



# जहां विवाद की स्थिति हो वहां चुप रहना ही उचित- पं. दशरथभाई

**श्री राम कथा श्रवण करने संजय गांधी उद्यान में बड़ी संख्या में पहुंच रहे है धर्मालुजन**





**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सुयश रामायण मंडल के तत्वाधान में संजय गांधी उद्यान में कथा प्रवक्ता पं. दशरथ भाईजी से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसे श्रवण करने बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित हो रहे है।

श्री राम कथा के द्वितीय दिन पंडित दशरथ भाई जी ने कहा कि जहां विवाद की स्थिति हो वहां चुप रहना ही उचित है जिस तरह मां सती को जब शिवजी कथा सुना रहे थे तो राम कथा में उन्हें राम के सीता विलाप पर संशय किया और उनकी परीक्षा लेने चली गई और सती ने राम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का स्वरूप धारण किया तो पहले लक्ष्मण जी ने मां को देखा तो उन्होंने देखा की मां आज इस स्वरूप में कैसे आई, उन्होंने चुप रहने में ही भला समझो, उसके पश्चात सती राम जी के समक्ष गई तो राम जी हाथ जोड़कर उनसे कहां की माता आप अकेले आए महादेव नहीं आए तो फिर सती को ज्ञात हो गया की राम सर्वज्ञ है उन्हें सब पता है। मैं शिवजी की बात मानती तो ठीक रहता है शिवजी ने सही कहा था लेकिन क्या करें ,सती पुन: शिव जी के पास गई तो सती से जब रामजी की परीक्षा ले ली है तो सती में शिव से झूठ बोला कि नहीं मैं तो उनका दर्शन करने गई थी लेकिन शिव ने उनसे कुछ कहा नहीं । उन्होंने अपने आपको मौन धारण कर सती का त्याग कर दिया और 87000 साल तक समाधि में बैठ गए थे। उसके बाद शिव ने सती को आसन दिया और अपने सामने बिठा दिया तो फिर सती को समझ में आ गया कि शिव ने मेरा त्याग कर दिया। प्रात: कथा के प्रारंभ में संत श्री कृष्णानंद जी महाराज भी पधारे। संध्या आरती में भागवत कथा के मुख्य जजमान सुरेश भावसार व श्रीमती माया भावसार ने आरती की। साथ राजू कहार, दिलीप मौर्य, लक्ष्मीनारायण मोदी, वीरेन्द्र देवड़ा, भगवती शर्मा, जगतदेव शुक्ला (डीपीसी), प्रदीप श्रीवास्तव आदि ने भी उपस्थित होकर आरती में भाग लिया।

## वाणिज्यिक कर विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा में वाणिज्यिक कर विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। समिति के सदस्य विधायक श्री प्रदीप लारिया, श्री जयंत मलैया, श्री अभय कुमार मिश्रा, श्री दिनेश राय मुनमुन, श्री मुकेश टंडन और श्री विपिन जैन उपस्थित थे।

बैठक में राजस्व संग्रहण बढ़ाने, वैट अंतर्गत कर निर्धारण जैसे मुद्दों के निराकरण, करदाताओं को उपलब्ध ऑनलाइन सुविधाओं, करदाताओं की सुविधा के लिए किए गए नवाचार, जीएसटी के अंतर्गत नए करदाताओं की सुविधा के लिए बनाए गए वेलकम किट जैसे विषयों पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सुविधाओं को और प्रभावकारी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। इसके अलावा बैठक में दस्तावेज पंजीयन की प्रक्रिया के कंप्यूटरीकरण, विभागीय संपदा पोर्टल को और ज्यादा प्रभावी बनाने अन्य विभागों से इसका समावेश करने और संपदा पोर्टल का उन्नयन करने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने और मध्य प्रदेश स्टॉम्प नियम और रजिस्ट्रेशन अधिनियम में संशोधन करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा आबकारी, राजस्व और ई-आबकारी सॉफ्टवेयर बनाने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इन सुझावों को आगामी रणनीतियों में शामिल किया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्तर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एडीफाई शिशुवन स्कूल के छात्र का चयन

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एडीफाई शिशुवन स्कूल, मंदसौर के कक्षा नवीं में अध्ययनरत छात्र युवराज सिंह भादोरिया ने मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सब जूनियर अंडर 14 राष्ट्रीय शिविर (बास्केटबॉल) प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया, वे अपने उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर के शिविर के लिए चयनित हुए हैं। यह प्रतिष्ठित शिविर इंदौर में आयोजित हुआ जो दिनांक से 11/12/2024 से 15/12/2024 तक चला विद्यालय के छात्र युवराज ने इसमें सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आदित्य कुमार के साथ पूरे विद्यालय परिवार ने छात्र को हृदय से बधाई दी और उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की मंगल कामना की। यह जानकारी स्कूल के खेल प्रशिक्षक, श्री अंकुर त्रिपाठी द्वारा साझा की गई।



# पवन ऊर्जा के क्षेत्र में मंदसौर जिले ने भारत देश के नक्शे में एक अलग पहचान बनाई

**जिले ने 486.6 मेगावॉट क्षमता के विण्ड टरबाईन मशीनों की स्थापना कर विद्युत उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित किया**

**मंदसौर, 17 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा के बड़े स्तर पर संयंत्रों की स्थापना कर मंदसौर जिले ने भारत देश के नक्शे में एक अलग पहचान बनाई है।

**सोलर मेगा पॉवर :-** सुवासरा तहसील में ग्राम रूनीजा, गुजरखेड़ी में 569 हेंक्टर क्षेत्रफल में 250 मेगावॉट क्षमता का सोलर पॉवर प्लांट एन.टी.पी.सी. द्वारा स्थापित किया गया है । सीतामऊ एवं सुवासरा तहसील में विभिन्न निजी निवेशको द्वारा ग्राम छोटी पतलासी, लदूना, नाटाराम, दम्माखेड़ी, सेमली कांकड, धाराखेड़ी एवं कोचरीयाखेड़ी के 304 हेक्टर क्षेत्रफल में कुल 152 मेगावॉट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किये गये है। इस प्रकार जिले में कुल 402 मेगावॉट क्षमता के सोलर मेगापॉवर प्लांट स्थापित किये गये है।

**पवन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन :-** जिले में कुल 486.6 मेगावॉट क्षमता के विण्ड टरबाईन मशीनों की स्थापना की जाकर विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

**सोलर रूफटॉफ :-** कुल 696 किलोवॉट क्षमता के संयंत्रों विभिन्न शासकीय संस्थानों में स्थापित किये गये है।

**सोलर पम्प :-** जिले में कुल 383 सोलर पम्प अन्नदाता किसानो के खेत पर स्थापित किये गये है।

**प्रधानमंत्री कुमुम अ :-** योजनान्तर्गत जिले में कुल 2.13 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किये जाकर विद्युत विक्रय कर किसान सोलर प्लांट से नियमित आय अर्जित कर रहे है।

**ऊर्जा साक्षरता अभियान :-** 25 नंवबर 2021 को ऊर्जा साक्षरता अभियान अंतर्गत प्रारंभ किये गये वेब पोर्टल/ उम्मा ऐप में मंदसौर जिले में 28735 व्यक्तियों ने पंजीयन कराया है। इनमें प्रथम चरण में 6033, द्वितीय चरण में 4110 एवं अंतिम चरण में 10361 व्यक्तियों ने पाठ्यक्रम देखने के पश्चात् प्रमाण पत्र प्राप्त कर ऊर्जा बचत की दिशा में एक अभिनव प्रयास किया गया है।

**ऊर्जा दक्ष ग्राम योजना :-** ऊर्जा दक्ष ग्राम योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में ऊर्जा सरंक्षण को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो से प्राप्त वित्तीय सहायता अंतर्गत मंदसौर जिले की सुवासरा तहसील के चयनित 11 ग्रामों में ग्राम पंचायत से प्राप्त मांग अनुसार परिवारों को ऊर्जा बचत हेतु कुल 19922 नग 9 वाट के एल.ई.डी. बल्ब एवं 9650 नग 20 वाट की एल.ई.डी. ट्यूबलाईट का 100 प्रतिशत डिस्कांउट दरों पर विक्रय किया जा चुका है। जिससे इन ग्रामों में ऊर्जा बचत की जा रही है।

**सोलर रूफटॉप रेस्को योजना :-** मंदसौर जिले में सभी शासकीय भवनों पर शून्य निवेश पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना हेतु प्रक्रिया प्रचलन में है।


**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक-क्यू मंदसौर, दिनांक- 17.12.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोहन जायसवाल पिता प्रदीपकुमार जायसवाल लक्ष्मी नगर, संजीत रोड मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन कराना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| PRADEEP KUMAR JAISWAL | PRADEEP JAISWAL |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 79/2024 दिनांक 16.12.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मधुबाला पति जवाहरलाल, जाति-जैन, निवासी मकान नं. 16/2, वार्ड नं. 17, मोती भवन के सामने, जनकुपुरा मंदसौर, तहसील व जिला-मंदसौर से आवासीय भूखंड जो भूमि भवन क्रमांक 17, वार्ड नं. 17. पर दर्ज होकर, पता-जीवागंज, रोड नं. 02, मन्दसौर, तहसील व जिला-मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-स्टाम्प कोड क्र. एमपी249392024ए11393014, दिनांक 13.12.2024 से मेरे पक्षकार नितेश पिता जवाहरलाल एवं मनोज पिता जवाहरलाल, जाति-जैन, निवासी मकान नं. 16/2, वार्ड नं. 17. मोती भवन के सामने, जनकुपुरा मन्दसौर, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में-सुजानमल जी जैन का मकान, पश्चिम में-उपाध्याय जी का मकान, उत्तर में-प्रदीप जी जाट एवं मदनलाल जी जोशी का मकान, दक्षिण में-सराकती रास्ता के बाद शांतिलाल जी जैन का मकान, पैमाईश रकबा- 1164 वर्ग फीट एवं 108.17 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in